हरिभूमि
# जींद-कैथल भूमि
रोहतक, सोमवार, 7 जुलाई 2025

तापमान
अधिकतम 34.0 डिग्री
न्यूनतम 26.0 डिग्री

10 अपने अधिकारों के प्रति पूरी तरह से जागरूक रहें



10 द आर्ट स्टूडियो में डांस वर्कशॉप



## अग्नि प्रबंधन अधूरे : कैथल जिला नागरिक अस्पताल में फायर फाइटिंग सिस्टम का निर्माण संपन्न होने के दो साल बाद तक भी नहीं हुआ संचालन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

जिला नागरिक अस्पताल में फायर फाइटिंग सिस्टम का निर्माण पूरा होने के दो साल बाद भी इसका संचालन नहीं हो पाया है। यहां पर पाइपलाइन डालने से लेकर पानी की टैंक का निर्माण पूरा हो चुका है, लेकिन इसके बावजूद इसे अब तक शुरू नहीं किया गया है। ऐसे में सामान्य अस्पताल में आग लगने के प्रबंध अधूरे है। यदि कोई आग लगने की घटना होती है तो आग पर काबू पाने में काफी परेशानी आएगी। अस्पताल के नाम जमीन की रजिस्ट्री न होने से इसकी एनओसी नहीं मिल पा रही है। वहीं, अस्पताल परिसर में जो फायर सिलिंडर लगाए गए हैं, वे भी दयनीय स्थिति में है। जिला नागरिक अस्पताल 200 बेड का है। यहां रोजाना 1500 के करीब ओपीडी है। अलग से 100 बेड का पोर्टेबल अस्पताल है। प्रधान चिकित्सा अधिकारी कार्यालय भी अस्पताल में चल रहा है। जिला नागरिक अस्पताल में फायर फाइटिंग सिस्टम का कार्य लोक निर्माण विभाग की तरफ से किया गया है। इस पर करीब एक करोड़ रुपये की राशि खर्च हुई है। अस्पताल में पाइप लाइन बिछाने और पानी के प्वाइंट लगाने के पानी के टैंक का निर्माण कार्य भी पूरा कर लिया गया है।

### एनओसी न मिलने से संचालन नहीं

नागरिक अस्पताल के प्रधान चिकित्सा अधिकारी डा. दिनेश कंसल ने बताया कि फायर फाइंटिग सिस्टम को लेकर फिटिंग का कार्य पूरा हो चुका है। टैंक का निर्माण कार्य भी काफी समय पहले पूरा हो चुका है, लेकिन फायर एनओसी न मिलने के कारण इसका संचालन नहीं हो पाया है। उम्मीद है कि जल्द ही जमीन की रजिस्ट्री भी अस्पताल के नाम होगी। इसके बाद यह शुरू करवा दिया जाए।



कैथल। नागरिक अस्पताल में लगाया गया फायर सिस्टम। फोटो :हरिभूमि

## खबर संक्षेप

### दो बाइकों की भिड़ंत में एक बाइक सवार घायल

**जींद।** गांव शामलो कलां के निकट दो बाइकों की भिडंत में एक बाइक सवार घायल हो गया। जुलाना थाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर दूसरे बाइक चालक के खिलाफ मामला दर्ज किया है। गांव ढिगाना निवासी कपूर सिंह ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह बाइक पर सवार होकर गांव शामलो कलां के निकट से गुजर रहा था। उसी दौरान सामने से आ रहे तेजरफ्तार बाइक ने उसकी बाइक को टक्कर मार दी। जिसमें वह घायल हो गया। घटना को अंजाम देकर बाइक चालक मौके से फरार हो गया।

### दो मकानों से लाखों के गहने व नकदी चोरी

**कैथल।** शहर की नानकपुरी कॉलोनी में दो मकानों से लाखों रुपये के गहने व कैश चोरी हो गया। इस दौरान परिवार के सदस्य बाहर गए हुए थे। सुबह जैसे ही पड़ोसी उठे तो उन्हें दोनों मकानों के ताले टूटे हुए मिले। इस पर उन्होंने तुरंत मकानों के मालिकों को सूचना दी कि उनके घर पर चोरी हो गई है। सूचना मिलते ही मकान मालकिन मौके पर पहुंची और चोरी की घटना के बारे में पुलिस को जानकारी दी। सूचना मिलते ही शहर थाना पुलिस की टीम मौके पर पहुंच गई और जांच की।

### दुकान में बंधक बना कर पीटा, चार पर केस दर्ज

**जींद।** सफीदों दुकान में बंधक बना मारपीट करने पर शहर थाना सफीदों पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। सफीदों निवासी पंकज ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह गांव बुढाखेड़ा निवासी अंकित की दुकान पर गया हुआ था। जहां पर अमित तथा दो अन्य मौजूद थे। किसी बात को लेकर उसकी अंकित के साथ कहसुनी हो गई। जिस पर अंकित व अमित तथा उसके साथियों ने उसे दुकान मे बंधक बना लिया।

### बर्तन व सीवर के ढक्कन चोरी का आरोपित दबोचा

**कैथल।** चोरी करने वाले आरोपियों पर शिकंजा कसते चीका में एक घर से बर्तन व सिवरेज के ढक्क्न चोरी करने के मामले की जांच थाना चीका पुलिस के एचसी दिनेश कुमार की टीम द्वारा करते हुए त्वरित कार्रवाई दौरान आरोपी चीका निवासी देशराज व अरुण को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया की पटियाला रोड़ चीका निवासी गुरिंन्द्र सिंह की शिकायत अनुसार 4 जुलाई को सुबह वह अपने किसी काम से बाहर गया हुआ था।

### संदिग्ध हालात में युवती लापता, शिकायत दर्ज

**जींद।** रोहतक रोड से युवती के संदिग्ध हालात में गायब होने पर शहर थाना पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। रोहतक रोड निवासी एक महिला ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गत चार जुलाई का उसकी बेटी घर से गायब हो गई। तलाशने तथा पूछताछ करने पर उसकी बेटी का कोई सुराग नही लगा। शहर थाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### संदिग्ध हालात में महिला लापता

**जींद।** गांव बुराडैहर से महिला के संदिग्ध हालत में गायब होने पर जुलाना थाना पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। गांव बुराडैहर निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गत दिवस उसकी 28 वर्षीय पत्नी घर से गायब हो गई। तलाशने तथा पूछताछ करने पर उसकी पत्नी का कोई सुराग नही लगा। जुलाना थाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## चाकू से गोद कर पूर्व सरपंच के बेटे को उतारा मौत के घाट

### छाती, गर्दन, पेट पर किए बीस वार

- चार बच्चों के सिर से उठा बाप का साया
- पुलिस ने एक को नामजद कर दो अन्य के खिलाफ दर्ज किया हत्या का मामला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| उचाना

गांव काबरछा में शनिवार रात को चाकू से वार कर पूर्व सरपंच के बेटे की हत्या कर दी गई। घटना की सूचना मिलने पर उचाना थाना पुलिस मौके पर पहुंची और मृतक के शव को कब्जे में ले नागरिक अस्पताल के शव ग्रह में रखवाया। वारदात को अंजाम देकर हमलावर मौके से फरार हो गया। रविवार को डीएसपी उचाना संजय कुमार ने परिजनों से बातचीत की। पुलिस ने मृतक के शव का पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने एक व्यक्ति को नामजद कर दो अन्य के खिलाफ हत्या सहित विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

गांव काबरछा निवासी प्रीतम (30) पर शनिवार रात को गांव के ही मनीष व उसके साथियों ने चाकू से हमला कर दिया। जिसमें प्रीतम गंभीर रूप से घायल हो गया। प्रीतम को उपचार के लिए नागरिक अस्पताल ले जाया गया। जहां चिकित्सकों ने प्रीतम को मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलने पर उचाना थाना पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति का जायजा लिया। पुलिस ने घटना को गंभीरता से लेते हुए फोरेंसिक एक्सपर्ट टीम की सहायता से साक्ष्यों को जुटाया। उचाना थाना पुलिस ने मृतक के छोटे भाई मोहन की शिकायत पर गांव काबरछा के मनीष को नामजद कर के दो अन्य के खिलाफ हत्या समेत विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया है। मोहन ने बताया कि उनकी मनीष के साथ किसी तरह की रंजिश भी नही थी। उनका आरोपितों के साथ बोलचाल तक नही था। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।



मृतक प्रीतम का फाइल फोटो।

### जांच जारी

उचाना थाना प्रभारी बलवान सिंह ने बताया कि पुलिस ने गांव के ही मनीष सहित तीन लोगों के खिलाफ हत्या के साथ-साथ एससीएसटी एक्ट का मामला दर्ज किया है। आरोपितों की गिरफ्तारी को लेकर छापेमारी की जा रही है। हत्या क्यों की गई इसका पता आरोपितों की गिरफ्तारी के बाद चलेगा। पुलिस कई एंगल पर मामले की जांच कर रही है।

## करीब डेढ़ घंटा बाधित रहा मार्ग, पुलिस प्रशासन ने खुलवाया

# टूटा बिजली पोल न बदलने पर बिफरे ग्रामीण, जींद-सफीदों मार्ग किया जाम

### बिजली खंभा टूटने से रातभर से परेशान थे गांव मनोहरपुर के ग्रामीण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

गांव मनोहरपुर के ग्रामीणों ने रविवार को टूटे बिजली पोल को ठीक न किए जाने से खफा होकर जींद-सफीदों मार्ग पर जाम लगा दिया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने बिजली निगम अधिकारियों से बातचीत कर टूटे पोल को बदलवा जल्द बिजली बहाली का आश्वासन देकर जाम खुलावाया। जाम के कारण वाहन चालकों तथा यात्रियों को काफी परेशानी का सामना करना पडा।

गांव मनोहरपुर के ग्रामीणों का रविवार को उस समय धैर्य जवाब दे गया जब रात को टूटे बिजली पोल कर्मियों ने ठीक नही किया। खफा ग्रामीण जींद-सफीदो मार्ग पर आ गए और अवरोधक डाल कर जाम लगा दिया। ग्रामीणों का कहना था कि बीती रात जींद-सफीदों मार्ग पर होटल के निकट अज्ञात वाहन ने बिजली पोल को तोड़ दिया। जिसके चलते खेतों तथा गांव की बिजली गुल हो गई। जिसकी सूचना ग्रामीणों ने बिजली निगम अधिकारियो तथा कर्मियों को दी लेकिन बिजली के टूटे पोल को नही बदला गया।



जींद। जाम लगाए ग्रामीणों से बातचीत करते अधिकारी। फोटो :हरिभूमि



जींद। जींद-सफीदों मार्ग पर जाम लगाए ग्रामीण। फोटो :हरिभूमि

### समाधान करवा दिया

सदर थाना के सतीश कुमार ने बताया कि रात को बिजली पोट टूट गया था। ग्रामीण बिजली पोल बदल बिजली आपूर्ति बहाली की मांग कर रहे थे। समस्या का समाधान करवा दिया गया है। जिस पर ग्रामीण शांत हो गए और अपने घर चले गए।

### आश्वासन पर माने

ग्रामीणों ने बताया कि बिजली निगम के कर्मी पोल लगाने के लिए उसकी कीमत भरने की बात कह रहे है। उन्होंने बताया कि गर्मी का सीजन है। बिना बिजली के उन्हें भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। जाम लगने की सूचना पाकर सदर थाना पुलिस मौके पर पहुंच गई और हालातों का जायजा लिया। ग्रामीणों की समस्या सुनने के बाद पुलिसकर्मियो ने बिजली निगम अधिकारियों से बतचीत की। जिन्होंने जल्द टूटे बिजली पोल को ठीक करवाने का आश्वासन देकर ग्रामीणों को शांत किया। जिसके बाद ग्रामीण जाम खोलने को राजी हुए।

## कैथलः सात गांव में 50 घरों में पचास पुलिस कर्मचारियों ने की सघन जांच

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

जिला पुलिस द्वारा /"नशा मुक्त हो जिला/" अभियान के अंतर्गत नशे के खिलाफ सख्त कदम उठाते हुए संदिग्ध नशा तस्करों पर बड़ी कार्रवाई की गई है। पुलिस अधीक्षक आस्था मोदी के दिशा-निर्देशन व डीएसपी कुलदीप बेनीवाल की निगरानी में चलाए गए इस अभियान के तहत आमजन से सीधा संपर्क स्थापित करके संदिग्ध नशा तस्करों की पहचान की गई है। रविवार को इस अभियान के तहत एसएचओ सीवन इंस्पेक्टर ओमप्रकाश की अगुवाई मे विशेष रणनीति के तहत थाना सीवन, चीका, गुहला, सदर, एंटी नारकोटिक सेल व कमांडो दस्ते के कर्मचारियों को शामिल करके कुल 6 पुलिस टीमों का गठन किया गया, जिनमें करीब 50 पुलिस कर्मचारी व अधिकारी शामिल थे। इन टीमों ने मांझला, फर्शमाजरा, पोलड़, ककहेड़ी, भुना, कांगथली व सीवन में एक साथ लगभग 50 घरों की गहनता से तलाशी ली और संदिग्ध गतिविधियों पर कड़ी नजर रखी हैं।



कैथल। नशा को रोकने को लेकर जांच करते पुलिस कर्मचारी। फोटो :हरिभूमि

## ग्योंग गिरोह का कुख्यात आधा किलो अफीम के साथ दबोचा

- पकड़े गए बदमाश के खिलाफ दर्ज आठ अपराधिक मामले

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

सीआईए स्टाफ नरवाना ने गांव बेलरखां के निकट सुरेंद्र ग्योंग गिरोह के एक कुख्यात बदमाश को काबू कर उसके कब्जे से 508 किलोग्राम अफीम बरामद की है। आरोपित पर हत्या, जानलेवा हमला, शस्त्र अधिनियम समेत विभिन्न धाराओं के तहत आठ अपराधिक मामले दर्ज हैं। सदर थाना नरवाना पुलिस अफीम के साथ पकड़े गए बदमाश से पूछताछ कर रही है।

सीआईए स्टाफ को सूचना मिली कि थी कि गांव बेलरखां जलघर के निकट हमीरगढ़ रोड पर एक व्यक्ति नशे की स्पलाई के लिए ग्राहकों का इंतजार कर रहा है। सूचना के आधार पर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए युवक को काबू कर लिया। तलाशी लेने पर उसके कब्जे से 508 ग्राम अफीम बरामद हुई। पुलिस पूछताछ में पकड़े गए व्यक्ति की पहचान गांव बेलरखां निवासी सुभाष के रूप में हुई। पुलिस छानबीन में सामने आया कि आरोपित सुभाष सुरेंद्र ग्योग को गिरोह का कुख्यात बदमाश है। जिस पर हत्या, जानलेवा हमला करने, शस्त्र अधिनियम नशा तस्करी समेत विभिन्न धाराओं के तहत अलग-अलग स्थानों पर आठ अपराधिक मामले दर्ज हैं। सदर थाना नरवाना पुलिस ने पकड़े गए सुभाष के खिलाफ नशीले पदार्थ निरोधक अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर पूछताछ शुरू कर दी है। सदर थाना जींद में वर्ष 2013 में आबकारी अधिनियम, कैथल सिविल लाइन में वर्ष 2009 मे नशा तस्करी, शहर थाना कैथल में वर्ष 2008 में हत्या, वर्ष 2007 में शहर थाना कैथल में सरकारी कार्य में बाधा पहुंचाने, वर्ष 2007 में शहर थाना कैथल में शस्त्र अधिनियम, वर्ष 2007 शहर थाना कैथल में फिरोती मांगने, वर्ष 2004 सदर थाना कैथल में अपहरण करने, वर्ष 2025 में सदर थाना नरवाना में नशा तस्करी का मामला दर्ज है।




### पूछताछ जारी

*सीआईए स्टाफ नरवाना प्रभारी सुखदेव सिंह ने बताया कि सूचना के आधार पर आरोपित को अफीम के साथ काबू किया है। आरोपित सुरेंद्र ग्योंग गिरोह का बदमाश है। आरोपित पर कई अपराधिक मामले दर्ज हैं। आरोपित से नेटवर्क के बारे मे पूछताछ की जा रही है।*

### इस बार सावन माह में शिव, प्रीति, आयुष्मान योग देगा श्रद्धालुओं को विशेष फल

# शिवभक्तों के लिए इस बार सावन माह बेहद खास

- शिवभक्तों को 11 जुलाई से शुरू हो रहे सावन में पूजा के लिए मिलेंगे 4 सोमवार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

शिवभक्तों के लिए सावन माह बेहद प्रिय माह होता है। इस बार सावन का महीना 11 जुलाई से शुरू होकर नौ अगस्त तक होगा। नौ अगस्त को ही रक्षा बंधन का पर्व भी होगा। इसके साथ ही सावन माह में इस बार शिव योग, प्रीति योग व आयुष्मान योग बनेंगे जो श्रद्धालुओं के लिए बेहद शुभकारी होंगे। हालांकि इस बार सावन माह में श्रद्धालुओं को केवल चार सोमवार ही मिलेंगे। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार भगवान शिव की पूजा करने से जीवन के सभी तरह के दुख और संकट दूर होते हैं। साथ ही जी महादेव की कृपा प्राप्त होती है। सावन के महीने में रोजाना भगवान शिव की पूजा अर्चना करें। गंगाजल, शहद, जल, बेलपत्र, कच्चा दूध और सफेद फूल समेत आदि चीजों से अभिषेक करें। पूजा के दौरान शिव मंत्र और शिव चालीसा का पाठ करें। सावन माह के पहले दिन शिवलिंग का गाय के दूध से करें अभिषक जयंती देवी मंदिर के पुजारी नवीन शास्त्री ने बताया कि सावन माह के पहले दिन 11 जुलाई शुक्रवार को शिवलिंग का गाय के दूध से अभिषेक करना चाहिए। साथ ही दूध का दान करने से भी लाभ होगा। दूध के साथ ही इस दिन आप चावल का दान भी कर सकते हैं। ऐसा करने से आपको भगवान शिव की कृपा तो प्राप्त होती ही है, साथ ही कुंडली में चंद्रमा की स्थिति भी मजबूत होती है। भगवान शिव को आदियोगी कहा जाता है। इसलिए भगवान शिव की कृपा प्राप्त करने के लिए आपको सावन के पहले दिन योग व ध्यान करना चाहिए। भगवान शिव का ध्यान करने से और शिव मंत्रों का जप करने से आप पर कृपा बरसती है। ऐसा करने से आप मानसिक रूप से संतुलित होते हैं और साथ ही आपको पारिवारिक जीवन में समृद्धि मिलती है। जरूरतमंद लोगों को सामथ्र्य के अनुसार दान करना चाहिए।

### शिवलिंग पर जलाभिषेक से सुख व समृद्धि

सावन माह में शिव, प्रीति, आयुष्मान योग श्रद्धालुओं के लिए शुभकारी : शास्त्री जयंती देवी मंदिर के पुजारी नवीन शास्त्री ने बताया कि सावन माह में शिव योग, प्रीति योग, आयुष्मान योग होने से श्रद्धालुओं के लिए शुभकारी है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार सावन माह में भगवान शिव की उपासना से विशेष लाभ मिलता है। सावन में पूजा-पाठ और शिवलिंग पर जलाभिषेक करने से भक्तों के जीवन में सुख व समृद्धि आती है। सावन के दौरान शिवभक्त अपने आराध्य को प्रसन्न करने के लिए व्रत रखते हैं, कावड़ यात्रा करते हैं और साथ ही शिव भगवान के पवित्र मंदिरों का दर्शन करने भी जाते हैं।

## कैथलः जून माह में पुलिस रही अपराधियों पर भारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

जून माह में कैथल पुलिस अपराधियों पर भारी रही। शराब व मादक पदार्थ तस्करी, चोरी, लूट, सेंधमारी, अवैध असला रखने आदि के 103 मामलों में 129 आरोपी गिरफ्तार किए गए है। पुलिस प्रवक्ता प्रवीन श्योकंद ने जानकारी देते हुए बताया कि जून माह दौरान संपंती विरुद्ध अपराधियों पर शिकंजा कसते हुए 29 मामलों में 45 आरोपी काबू करके उनके कब्जे से 54 लाख 6 हजार 670 रुपए मूल्य की चोरीशुदा जन संपत्ति बरामद की गई है। गत माह के दौरान मादक पदार्थों की तस्करी करने वाले अपराधियों के खिलाफ विशेष मुहिम चलाकर एनडीपीएस एक्ट तहत 16 मामले दर्ज करके 24 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। जिनके कब्जे से 6 किलो 425 ग्राम चुरापोस्त, 820 ग्राम डोडापोस्त, 13 किलो 882 ग्राम गांजा, 4 किलो 181 ग्राम अफीम, 863 ग्राम चरस, 5.45 ग्राम हैरोईन, 200 नशीले इंजेक्शन सहित बड़ी मात्रा में नशीला पदार्थ बरामद किया गया। जून माह के दौरान आबकारी अधिनियम के तहत दर्ज किए गए 52 मामलों में 50 आरोपी गिरफ्तार किए गए है।

## खबर संक्षेप

### माकपा ने की अध्यादेश को वापस लेने की मांग

**जींद।** भारत की कम्युनिस्ट पार्टी का पोलिट ब्यूरो गुजरात सरकार द्वारा कारखाना अधिनियम 1948 के कुछ प्रमुख प्रावधानों में किए गए संशोधनों की कड़ी निंदा करता है। माकपा के जिला सचिव कपूर सिंह ने कहा कि भाजपा सरकार ने एक जुलाई को कारखाना (गुजरात संशोधन) अध्यादेश 2025 को लागू करने के लिए अध्यादेश का रास्ता अपनाया है। इस संशोधन के माध्यम से कारखाना मजदूरों के कार्य दिवस को मौजूदा नौ घंटे से बढ़ाकर बारह घंटे किया जा रहा है। ये महिला मजदूरों को रात की पाली में काम करने का प्रावधान भी करता है।

### जमीन विवाद के चलते हमला करने का आरोप

**जींद।** गांव खरेंटी जमीन विवाद के चलते विधवा महिला पर रिश्तेदारों ने घर में घुस हमला कर घायल कर दिया। महिला को पीजीआई रोहतक रेफर किया गया है। जुलाना थाना पुलिस ने घायल महिला की शिकायत पर पांच लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। गांव खरेंटी निवासी सुमन ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसके पति की मौत हो चुकी है। गांव बरोदा में विवाहित ननंद उसकी जमीन पर नजर गडाए हुए है। जिसका मामला अदालत में विचारधीन है। गत दिवस वह अपने घर में आराम कर रही थी।

### बेटियों को इच्छानुसार पढ़ाने का आह्वान

**जींद।** महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा जामनी गांव में बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर महिला एवं बाल विकास परियोजना अधिकारी ने सुलोचना कुंडू ने मुख्यअतिथि के रूप में शिरकत कर ग्रामीण महिलाओं को बेटा व बेटी में फर्क ने करने तथा बेटियों को भी बेटों के समान उनकी इच्छा अनुसार क्षेत्र में बढ़ने के अवसर प्रदान करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि आज के आधुनिक समय में लड़कियां भी लड़कों के समान प्रत्येक क्षेत्र में अग्रणीय भूमिका निभा रही है।

### जूनियर लड़कियों की रग्बी टीम घोषित

**जींद।** 10वीं जूनियर राष्ट्रीय रग्बी प्रतियोगिता का आयोजन देहरादून के महाराणा प्रताप स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी में सात से 14 जुलाई तक आयोजित किया जाएगा। जिसमें भाग लेने के लिए हरियाणा की लड़कों एवं लड़कियों की टीमों का चयन 29 जून को हिसार के जिंदल पार्क में आयोजित की गई 10वीं हरियाणा राज्य अंतर जिला जूनियर रग्बी प्रतियोगिता के आयोजन दौरान किया गया था। टीमों के प्रशिक्षण शिविर नरेंद्र मोर की अध्यक्षता में हुई बैठक में लिए गए फैसले के अनुरूप लड़कियों का बीबीपुर गांव और लड़कों का शहीद भगत सिंह अकादमी चरखी दादरी में लगाया गया है।

### भाकपा ने हड़ताल का किया समर्थन

**नरवाना।** भारतीय कुम्युनिस्ट पार्टी जिला काउंसिल जींद की मीटिंग पार्टी कार्यालय में कामरेड भीम सिंह की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। इस बैठक में जिला सचिव कामरेड मनीराम बेलरखा ने आगामी 9 जुलाई को केन्द्रीय ट्रेड यूनियनों के आह्वान पर राष्ट्रव्यापी हड़ताल का समर्थन करने का ब्यान जारी किया। कहा कि यह हड़ताल सरकार की श्रमिक विरोधी किसान विरोधी राष्ट्र हितों के विरूद्ध कारपोरेट समर्थक नीतियों के खिलाफ है। ट्रेड यूनियनें सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों व सार्वजनिक सेवाओं के निजीकरण आउटसोर्सिंग ठेके पर काम करने अस्थायी कामगारों की नीतियों श्रमिक विरोधी और नियोक्ता समर्थक चार श्रम संहिताओं के खिलाफ भी लड़ रही है।

### निवेदिता ने सीए फाउंडेशन परीक्षा उत्तीर्ण की

**जींद।** यदुवंशी शिक्षा निकेतन बीबीपुर की पूर्व छात्रा निवेदिता ने सीए फाउंडेशन परीक्षा में शानदार सफलता प्राप्त कर विद्यालय, अपने परिवार और क्षेत्र का नाम गौरवांवित किया है। यह परीक्षा देश की सबसे कठिन और प्रतिस्पर्धात्मक परीक्षाओं में से एक मानी जाती है। निवेदिता की यह सफलता कड़ी मेहनत, अनुशासन और निरंतर प्रयास का परिणाम है।

## राजेश वशिष्ठ बने अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत के जिला अध्यक्ष

# अपने अधिकारों के प्रति पूरी तरह से जागरूक रहें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत के प्रांत संगठन मंत्री मुनेश ने रविवार को जिला कार्यालय पर जिले के सक्रिय सदस्यों के साथ बैठक का आयोजन किया। इसका मुख्य उद्देश्य संगठन मे मजबूती पैदा करना था। प्रांत संगठन मंत्री मुनेश ने बताया कि आज हर व्यक्ति किसी न किसी रूप में ग्राहक है। हम हर दिन कुछ न कुछ खरीदते है। आज उपभोक्ता जमाखोरी, कालाबाजारी, मिलावट, अधिक दाम, कम नाप तौल जैसी समस्याओं से घिरा है। उपभोक्ता संगठित नहीं है। इसलिए हर जगह ठगा जाता है। इसलिए उपभोक्ता को जागना होगा और खुद को इन संकटों से बचाना होगा। उपभोक्ताओं को उनके अधिकार से जागरूक करने के लिए अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत का सराहनीय प्रयास है। बहुत कम लोग अधिकारों के बारे में पूरी तरह से जानते होंगे। ये सभी अधिकार कंज्यूमर प्रोटेक्शन एक्ट के तहत दिए जाते हैं। अपने अधिकारों के बारे में कम जानकारी होने के कारण लोग छोटी-छोटी खरीदारी में अपना नुकसान कर ग्राहक पंचायत बैठते हैं। कई बार दुकानदार कम जागरूक ग्राहक को देखकर उसका फायदा उठाने की कोशिश करते हैं। जिला अध्यक्ष राजेश वशिष्ठ ने बताया की राइट टू सेफ्टी आपको सुरक्षा का अधिकार देता है। कोई भी दुकानदार अपने ग्राहक को खराब वस्तु नहीं दे सकता है। अगर कोई सामान खराब दिया जाता है तो ग्राहक होने के नाते आप उसे बदलवा सकते हैं। राइट टू इन्फॉर्म के तहत हर कंज्यूमर को किसी भी प्रोडक्ट की क्वालिटी या क्वांटिटी के विषय में जानने का पूरा अधिकार है। राइट टू चूज आपको यह अधिकार देता है कि आप अपनी पसंद के किसी भी प्रोडक्ट का चुनाव करें। राइट टू हर्ड का मतलब है सुनना। ग्राहक होने के नाते आपको यह अधिकार है कि यदि आपके साथ कोई अन्याय हो उसे सुना जाए। अगर किसी दुकानदार ने आपको खराब प्रोडक्ट दिया है तो आप उसे या तो बदलवा सकते हैं। ग्राहक होने के नाते आपको यह अधिकार है कि आप अपने अधिकारों के प्रति पूरी तरह से जागरूकता और जानकारी रखें। एडवोकेट बिंदु शर्मा ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त करते बताया कि अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत ग्राहकों को जागरूक करने में अपनी विशेष भूमिका निभा रहा है। उषा गुप्ता व रेखा बंसल ने बताया कि जिला जींद के लिए गर्व कि बात है कि प्रांत संगठन मंत्री मुनेश शर्मा ने अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत जिला टीम कार्यकारिणी का गठन किया ओर पदाधिकारियों व सदस्यों का हौसला बढ़ाने का कार्य किया व उपस्थित सभी का आभार व्यक्त किया।



**जींद।** मीटिंग में मौजूद पदाधिकारी। फोटो :हरिभूमि

### पूरी निष्ठा से निर्वहन किया जाएगा

जिला अध्यक्ष राजेश वशिष्ठ के अनुसार जिला उपाध्यक्ष हरपाल चाहर, जिला संगठन मंत्री एडवोकेट नरेंद्र अत्री, सह जिला संगठन मंत्री नाथु राम गोयल, जिला सचिव सोमवीर, सह जिला सचिव नीरज कुमार, कोषाध्यक्ष घनश्याम, प्रचार प्रमुख सतेंद्र, ललित, हिमांशु, अमन, विधि प्रमुख एडवोकेट बिंदु शर्मा, पर्यावरण प्रमुख सुदेश सहरावत, सह पर्यावरण प्रमुख मांगेराम, महिला प्रमुख उषा गुप्ता, सह महिला प्रमुख रेखा बंसल, कार्यकारिणी सदस्य अमनदीप, रवींद्र, प्रवीण कुमार, सोनू राणा, सुनील दत्त, कर्मपाल, सतीश, गौरव, प्रीति, अर्चना, कविता मौजूद रहे। अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत जींद के जिला अध्यक्ष राजेश वशिष्ठ ने कहा कि अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत द्वारा जो जिम्मेदारी दी गई है उसका पूरी निष्ठा से निर्वहन किया जाएगा ओर समय समय पर ग्राहक जागरूकता अभियान से ग्राहकों को जागरूक करने का कार्य किया जाएगा।

# द आर्ट स्टूडियो में डांस वर्कशॉप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

द आर्ट डांस स्टूडियो जींद में इंटरनेशनल डांस वर्कशॉप आयोजित की गई। यह वर्कशॉप द आर्ट डांस स्टूडियो पर जिम्मी बिरला द्वारा कराई गई। इस वर्कशॉप में सिंगापुर से गीत को बुलाया गया और मुख्यातिथि डा. सुनील सैनी रहे। एंकर शहजादा प्रवेश, हरियाणवी गायक व सिंगर नवी बरसोला भी मौजुद रहे। इसमें कई प्रतिभाशाली डांसर्स ने भाग लिया। जो इस अवसर का लाभ उठा कर अपनी कला को निखारा इंटरनेशनल डांसर ने विभिन्न डांस शैलियों और तकनीकों पर गहन प्रशिक्षण प्रदान किया। इस दौरान प्रतिभागियों ने न केवल नई तकनीकों को सीखा बल्कि डांस के प्रति अपने जुनून को भी और गहराई से समझा।

वर्कशॉप का माहौल बेहद उत्साहित करने वाला था। जहां डांसर्स ने इंटरनेशनल डांसर के अनुभवों से प्रेरणा ली और अपने कौशल को नई ऊंचाइयों तक ले जाने का संकल्प किया। इस तरह की वर्कशॉप प्रतिभागियों को वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धा करने के लिए तैयार करती हैं और उनके आत्मविश्वास को भी बढ़ाती हैं। जिम्मी बिरला ने बताया कि भविष्य में इसी तरह और वर्कशॉप होगी।


**जींद।** वर्कशॉप में सम्मानित करते हुए। फोटो :हरिभूमि


**नरवाना।** पौधे वितरित करते हुए। फोटो :हरिभूमि

### पौधरोपण करना बहुत जरूरी

**नरवाना।** पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने के लिए एक पेड़ मां के नाम मुहिम चलाई गई है। इस मुहिम में नरवाना की पत्रकार एकता समिति ने भी भागीदारी निभाई। समिति ने मुहिम को बढ़ावा देने के लिए नेहरू जलघर पार्क में गणमान्य व्यक्तियोंए पार्षद से पौधरोपण करवाया। उन्होंने समिति की इस पहल की सराहना की और कहा कि इससे दूसरी संस्थाओं व लोगों भी प्रेरणा मिलेगी। तत्पश्चात समिति कार्यालय के समक्ष 500 पौधों का राहगीरों को अमरूद जामुन इमली शुगरकाट आंवलाए नीम सहजन पीपल, बरगद पौधों का वितरण किया। समिति के संरक्षक नरेंद्र जेठीए प्रधान सुदेश सान्याल ने कहा कि आज पर्यावरण में प्रदूषण व तापमान इतना बढ़ गया है कि गर्मी से प्राणी का जीना.मुहाल हो गया है। जहां पेड़.पौधों की संख्या ज्यादा होती हैए वहां बारिश भी ज्यादा होती है। इसलि तापमान को नियंत्रित करने के लिए पौधारोपण करना जरूरी हो गया है। उन्होंने कहा कि एक पेड़ मां के नाम मुहिम चलाई गई है।

### जींद में नहीं खुल रही हरियाणा पुलिस की साइट

**जींद।** अखिल भारतीय अग्रवाल समाज हरियाणा के प्रदेश अध्यक्ष डा. राजकुमार गोयल ने हरियाणा पुलिस की वेबसाइट में आ रही तकनीकी समस्याओं को लेकर चिंता व्यक्त की है। उन्होंने बताया कि पिछले कई दिनों से पुलिस विभाग की आधिकारिक साइट जींद में सुचारू रूप से कार्य नही कर रही है। जिसके चलते पुलिस वेरिफिकेशन, चरित्र प्रमाण पत्र, पासपोर्ट सत्यापन सहित अन्य महत्वपूर्ण सेवाएं प्रभावित हो रही हैं। डा. गोयल ने कहा कि इस खराबी के कारण आम नागरिकों को भारी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। नौकरी के आवेदन, मकान किराये पर देने, पासपोर्ट बनवाने और अन्य प्रशासनिक कार्यों में वेरिफिकेशन आवश्यक होता है लेकिन वेबसाइट की गड़बड़ी के चलते लोग फंसे हुए हैं। जींद के एसपी कुलदीप सिंह से मांग की है कि समस्या को प्राथमिकता से लिया जाए और संबंधित टीम को निर्देश देकर वेबसाइट को शीघ्र दुरुस्त करवाया जाए।

### कल मनाया जाएगा आचार्य भिक्षु का जन्मदिवस

**उचाना।** आठ जुलाई को आचार्य भिक्षु के 300वें जन्मदिवस पर फायर बिग्रेड के पास मंडी में कार्यक्रम आयोजित होगा। आचार्य महाश्रमण की प्रबुद्ध शिष्याएं समणी जयंती प्रज्ञा, समणी सन्मति प्रज्ञा के सान्निध्य में ये कार्यक्रम आयोजित होगा। जयंती प्रज्ञा ने बताया कि शाम आठ बजे कार्यक्रम आयोजित होगा। बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करते हुए आचार्य भिक्षु के जीवन पर प्रकाश डाला जाएगा। दिल्ली से संगायक अनुराग बोधरा, कर्ण शेखानी दिल्ली आकर आचार्य भिक्षु की महिमा का वर्णन गुणगान करेंगे। कार्यक्रम को लेकर तैयारी चल रही है। तेरापंथ जैन स्थानक कमेटी, युवा परिषद, महिला मंडल द्वारा कार्यक्रम को लेकर निमंत्रण दिया जा रहा है। तेरापंथ भवन में प्रवचन करते हुए जयंती प्रज्ञा ने धर्म कहां टिकता है को लेकर बताया कि जहां मन सरल, मोह, माया, छल, कपट से मन दूर हो वहां पर धर्म टिकता है। आज इंसान को धर्म मिलना बड़ा कठिन है। धर्म बड़ा दुर्लभ है दुनिया की हर चीज सुलभ है। मित्र, धन, वैभव, पुत्र सब मिल सकता है परंतु धर्म करने की इच्छा कम ही होती है।


कार्यक्रम को लेकर जानकारी देते समणी जयंती प्रज्ञाए समणी सन्मति प्रज्ञा।


**जींद।** समझौते के दौरान दोनों यूनियनों के पदाधिकारी। फोटो :हरिभूमि

### रोडवेज मिनिस्ट्रियल स्टाफ एसोसिएशनों ने किया समझौता

**जींद।** बस अड्डा प्रांगण में हरियाणा रोडवेज मिनिस्ट्रियल स्टाफ एसो व हरियाणा रोडवेज मिनिस्ट्रियल स्टाफ कल्याण संघ की बैठक प्रदेशाध्यक्ष बलराज देशवाल व राजय प्रधान भगवान की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में अहम प्रस्ताव रहा है कि यूनियन 1767 व यूनियन 1067 का आपसी समझौता किया जाए। जिसकी मध्यस्ता के रूप में करनाल आगार से कर्ण सिंह मोगा पूर्व महासचिव अशोक गौरिया संयोजक जींद आगार, सोमबीर प्रधान जींद आगार, अनिल कुमार कैथल डिपो प्रधान, अनील शर्मा डिपो प्रधान, सुन्दर लाल सह सचिव कैथल आगार, नीरज फरीदाबाद, विनोद डीईओ, अजय कुरूक्षेत्र, आशीष, विनोद व अन्य मैनेजमेंट के कर्मचारियों द्वारा दोनों यूनियनों के आपसी समझौते बारे अपने-अपने विचार रखे गए। सभी कर्मचारियों के विचार विमर्श उपरांत सर्वसम्मति से दोनों यूनियनों का हस्ताक्षर सहित समझौता इस बात पर हुआ कि आपसी मतभेद को भुलाते सभी जिला व राज्य कमेटी का गठन हरियाणा रोडवेज मिनिस्ट्रियल स्टाफ एसोसिएशन रजि. 1767 के अधीन किया जाएगा।

### पुलिस नाके पर लगा डिस्पले बोर्ड करवाया ठीक

**जींद।** गोहाना रोड पर पुलिस नाके पर लगे डिस्पले बोर्ड को ठीक करवा दिया गया है। जींद विकास संगठन के अध्यक्ष डा. राजकुमार गोयल ने इस डिस्पले बोर्ड को ठीक करवाने की मांग की थी ताकि कोई हादसा न हो। एसपी कुलदीप सिंह के मामला संज्ञान में आने पर पुलिस ने गोहाना रोड नाके पर डिस्प्ले बोर्ड को ठीक करवा दिया है। जिसके चलते लोगों ने राहत की सांस ली है। यह बोर्ड पिछले लम्बे समय से गिरने की स्थिति में था और इसे कभी भी बडा हादसा हो सकता था। गोयल ने इस समस्या को प्रमुखता से उठाया और इस समस्या से जींद के एसपी को रूबरू करवाया। जब उन्होंने इस मुद्दे को एसपी के समक्ष रखा तो पुलिस प्रशासन द्वारा इस डिस्प्ले बोर्ड को सुरक्षित ढंग से ठीक करवा दिया गया। राजकुमार गोयल ने कहा कि प्रशासन की त्वरित कार्रवाई से आमजन को लाभ हुआ है।



**जींद।** ठीक हुआ नाके पर लगा डिस्पले बोर्ड। फोटो :हरिभूमि


**जींद।** राशि भेंट करते हुए डा. विद्यार्थी। फोटो :हरिभूमि

### जरूरतमंद कन्या के विवाह में सहयोग किया

**जींद।** डीएवी पब्लिक स्कूल के स्टाफ ने पांडू पिंडारा में एक जरूरतमंद कन्या के विवाह में सहयोग किया। स्कूल की प्राचार्या रश्मि विद्यार्थी तथा हरियाणा साहित्य अकादमी के निदेशक डा. धर्मदेव विद्यार्थी व शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास के धर्मपाल वालिया और संजय कुमार ने पांडू पिंडारा पहुंच कर सहयोग राशि के रूप में 21,101 रुपये की राशि कन्या को आशीर्वाद स्वरुप भेंट की तथा पांच जेवर पाजेब, मंगलसूत्र, चुटकी, सोने की बालियां और नोज पिन, 11 सूट, ब्लैंकेट और बर्तनों का सेट भेंट किया। इस मौके पर अंग्रेजो, दिलबाग सिंह, कर्म फौजी, विक्रम व राजेश परिवार के अन्य सदस्य मुख्य रूप से उपस्थित थे।


अभियान के तहत संगठन और टीम द्वारा बाल श्रम करते पकड़े गए मासूम बच्चे।

### एक माह में 17 बाल श्रमिक रेस्क्यू

**जींद।** जिले में बाल श्रम के विरुद्ध कार्यरत एमडीडी ऑफ इंडिया एवं जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रेन (जेआरसी) द्वारा मानव तस्कर विरोधी इकाई के साथ सयुंक्त अभियान चला कर पिछले एक माह के दौरान जिले से 17 बाल श्रमिकों को रेस्क्यू किया गया। रविवार को संगठन के जिला समन्वयक नरेंद्र शर्मा ने बताया पिछले एक माह के दौरान मानव तस्कर विरोधी इकाई एवं उनके संगठन ने नगर के परशुराम चौक, झांझ गेट, पटियाला चौक, पुराना बस स्टैंड, भिवानी एवं रोहतक रोड, सफीदों गेट एवं जाट धर्मशाला तथा हुड्डा ग्राउंड आदि क्षेत्रों में बाल श्रम के विरुद्ध 10 संयुक्त अभियान चला कर कुल 17 बाल श्रमिकों का रेस्क्यू किया। इनमें 16 लड़के एवं एक लड़की शामिल थी। इनकी उम्र सात वर्ष से 15 वर्ष पाई गई। जींद शहर के विभिन्न क्षेत्रों से रेस्क्यू किए गए इन 17 बच्चों में पांच बाल श्रम करते हुए एवं छह बच्चे कूड़ा व कबाड़ बीनते हुए तथा छह बच्चे भिक्षावृति करते हुए पाए गए। इन सभी बच्चों और इनके अभिभावकों को जिला बाल कल्याण समिति के समक्ष प्रस्तुत किया गया।

# पर्यावरण हमारे जीवन का अमूल्य हिस्सा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

सामाजिक संस्था सोसाइटी फोर एडवांसमेंट ऑफ विलेज एंड अर्बन इंवायरमेंट सेव ने रविवार सुबह महात्मा गांधी पार्क में श्रमदान किया। संस्था के प्रधान नरेंद्र नाडा की अध्यक्षता में चलाया गया यह 430वां अभियान था। सेव संस्था के सदस्यों ने पार्क में पौधारोपण के साथ स्वच्छता अभियान चलाया। पार्क में पड़े हुए पॉलिथीन व अन्य कूड़ा को उठाया यह संदेश देने का प्रयास किया लोगों ने पर्यावरण शुद्ध रखने में अपना सहयोग देना चाहिए। आजकल पौधारोपण का उचित समय है। इसलिए जहां कहीं भी हो सके और पौधा लगाकर पेड़ बनाना चाहिए और पर्यावरण शुद्ध रखने में अपना योगदान देना चाहिए। पर्यावरण हमारे जीवन का अमूल्य हिस्सा है। सभी ने कूड़ा डस्टबिन में डालने की आदत अपनानी चाहिए और वो डस्टबिन नगर परिषद की गाड़ी को देना चाहिए। जब हम हर प्रकार का कूड़ा डस्टबिन में डालेंगे तो स्वच्छता अवश्य रहेगी। स्वच्छता पर्यावरण शुद्ध रखने में भी मददगार साबित होगी। इस मौके पर प्रियंका रेढ़ू, बलबीर सिंह श्योकंद, महेश सैनी नंबरदार, बलजीत रेढ़ू, ब्रह्मजीत, सुजान सिंह, राजेंद्र आदि साथी मौजूद रहे।


**जींद।** पौधारोपण करते हुए संस्था के सदस्य। फोटो :हरिभूमि


**उचाना।** बेटे के जन्म दिन पर जींद के अनाथ आश्रम में दिव्यांगों को भोज करवाते विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री। फोटो :हरिभूमि

### बेटे के जन्मदिन पर गोसेवा की

**उचाना।** भाजपा विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री ने परिवार सहित छोटे बेटे जय अत्री का जन्म दिन अनाथ आश्रम पहुंच कर दिव्यांगों लोगों के बीच मनाया। दिव्यांगों को परिवार सहित खाना परोसा कर उनकी सेवा की तो गौशाला जाकर गायों को हरा चारा गुड़ डाला। विधायक ने कहा कि परिवार में कोई भी खुशी हो तो अनाथ आश्रम पहुंच कर दिव्यांग लोगों के बीच जाकर उस खुशी को मनाते है। समय.समय पर वो अनाथ आश्रम आकर दिव्यांगों को भोजन परोस कर सेवा करते रहते है। ऐसा करने से अलग ही खुशी का अनुभव होता है। हमें निरंतर ऐसे समाज हित के कार्य करते रहे चाहिए और सभी को खुद की खुशी में शामिल करना चाहिए। नर सेवा नारायण सेवा के बराबर है। समाज सेवी लोगों के साथ.साथ हर किसी को चाहिए कि वो अपने परिवार की खुशी जरूरतमंदों के साथ मनाए तो उनकी खुशी दोगुना होगी।

## वुडस्टॉक स्कूल में साप्ताहिक वन महोत्सव का आयोजन

# नारों से पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

वुडस्टॉक स्कूल में पर्यावरण के प्रति जागरूकता फैलाने एवं विद्यार्थियों को प्रकृति से जोड़ने के उद्देश्य से साप्ताहिक वान महोत्सव का आयोजन बड़े ही उत्साह और हर्षोल्लास के साथ किया गया। सप्ताहभर चले इस आयोजन में विद्यालय के सभी वर्गों, छोटे बच्चों से लेकर वरिष्ठ विद्यार्थियों दृ ने बढ़चढ़कर भाग लिया।

कार्यक्रम की शुरुआत पौधारोपण से हुई। जिसमें शिक्षकों, अभिभावकों और छात्रों ने मिलकर फलदार, छायादार और औषधीय पौधे लगाए। बच्चों ने एक पेड़ मेरा मित्र अभियान के तहत पौधों को गोद लिया और उनके संरक्षण का संकल्प लिया। छोटे बच्चों ने पत्तियों की छपाई, उंगलियों से चित्र बनाना और कागज से पेड़ बनाने जैसी रचनात्मक गतिविधियों में भाग लिया। जिससे उनमें प्रकृति के प्रति प्रेम और समझ विकसित हुई। विद्यालय परिसर में एक हरियाली रैली निकाली गई। जिसमें बच्चों ने पेड़ लगाओ, जीवन बचाओ जैसे नारों के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। छात्र व छात्राओं ने पोस्टर, स्लोगन और निबंध लेखन प्रतियोगिता में भी हिस्सा लिया। सप्ताहभर चली गतिविधियों में पर्यावरण विषयक प्रश्नोत्तरी, कविता पाठ, नेचर वॉक और हरी टोपी दिवस जैसी कई रोचक गतिविधियां भी शामिल रही। बच्चों की रचनात्मकता और सक्रिय भागीदारी ने पूरे वातावरण को उत्सवमय और शिक्षाप्रद बना दिया। विद्यालय के निदेशक डा. नरेंद्र नाथ शर्मा और उपनिदेशक आशुतोष शर्मा ने इस अवसर पर कहा कि पेड़ हमारे जीवन के आधार हैं और यह जरूरी है कि हम इनकी रक्षा करें एवं अधिक से अधिक वृक्ष लगाएं ताकि आने वाली पीढियों को एक स्वच्छ और सुरक्षित पर्यावरण मिल सके। स्कूल की प्राचार्या सुकीर्ति शर्मा ने कहा कि वन महोत्सव न केवल एक सप्ताह का उत्सव है बल्कि यह जीवनभर हरियाली और पर्यावरण के प्रति हमारी जिम्मेदारी का प्रतीक है। आइए हम सब मिल कर हर दिन एक नया पौधा लगाने और उसकी देखभाल करने का संकल्प लें ताकि धरती पर जीवन हमेशा मुस्कुराता रहे।


**जींद।** पौधारोपण करते हुए बच्चे। फोटो :हरिभूमि


**नरवाना।** बैठक में भाग लेते हुए। फोटो :हरिभूमि

### संपूर्ण सिंह सर्वसम्मति से बने प्रधान

**नरवाना।** किताब सिंह मोर को मुख्य निर्वाचन अधिकारी एवं माला राम चोपड़ा उप निर्वाचन अधिकारी की अध्यक्षता में नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। सभी सदस्यों ने भाग लिया। आज सर्वसम्मति से संपूर्ण चोपड़ा को प्रधान ए इन्दर सिंह उप प्रधानए अजय नैन को सचिवए रामकला श्योकद को कैशियर चुना गया। बेलूराम को संरक्षकए एवं किताब सिंह मोर को जाट धर्मशाला? का प्रवक्ता चुना गया। निम्नलिखित सदस्यों को भी सर्वसम्मति से चुना । सतपाल मोर 2 रामचंद्र मिर्धा 3 रामफल मोर 4 रामपाल उझाना 5 राजसिंह नैन 6 अलबेला 7 गोपी राम 8 माला राम चोपड़ा 9 हरित दुल 10 राजवीर कोलेखा 11 रामकुमार को जाट धर्मशाला कार्यकारिणी को सर्वसम्मति से चयन करने के लिए गणमान्य व्यक्तियों में सुदेश चोपड़ा पूर्व चेयरमैन प्रतिनिधि नगर परिषद खाप प्रवक्ता किताब सिंह मोर सतपाल मोर राममेहर बेनीवालए सजूँ चौपडाएसुभाष चहलए मुकेश नैनए मास्टर पृथ्वी चोपड़ा आदि का बहुत बड़ा योगदान रहा। जिन्होंने सामाजिक एकजुटता को बनाए रखा।

**खबर संक्षेप**



श्रद्धालुओं की बस को हरी झंडी दिखाते संजय गोयल और सुरेश गर्ग

## धार्मिक यात्रा के लिए रवाना हुए श्रद्धालु

**कैथल** ।श्री मेहंदीपुर बालाजी सेवा समिति कैथल द्वारा निशुल्क बस यात्रा रवाना श्री मेहंदीपुर बालाजी सेवा समिति कैथल द्वारा श्री मेहंदीपुर बालाजी धाम खाटू श्याम धाम वह सालासर धाम के लिए मासिक निशुल्क बस यात्रा को रवाना किया गया। इस बस यात्रा में 61 श्रद्धालु धार्मिक स्थलों की यात्रा पर रवाना हुए संस्था के मेंबर संजय गोयल ने नारियल फोड़कर व सुरेश गर्ग ने झंडी दिखाकर बस को रवाना किया। समिति के प्रधान राजेश गोयल, चेयरमैन प्रीति पाल बंसल व सुभाष सिंगावल ने बताया कि हर मांस धार्मिक स्थलों की यात्रा श्रधालुओं के लिए एक धार्मिक ओर अध्यात्मिक अनुभव प्रदान करने के उद्देश्य से आयोजित की जाती है। इस यात्रा के दौरान श्रद्धालु श्री बालाजी महाराज व श्याम बाबा के दर्शन करते हैं और उनके दरबार में अपनी मनोकामना की अर्जी लगाते हैं।

## कारगिल दिवस धूमधाम से मनाया जाएगा 26 को

**कैथल**। पूर्व सैनिक वेलफेयर एसोसिएशन कैथल की जुलाई मास की मासिक मीटिंग आज रविववार को हनुमान वाटिका नजदीक नया बस अड्डा कैथल में होगी। इस में मासिक मिटिंग की गतिविधियों के साथ-साथ 26 जुलाई 2025 को कारगिल विजय दिवस मनाने के लिए। सभी पूर्व सैनिकों, सैनिक परिवारों से मिलकर मनाने का फैसला लिया जाएगा।एसोसिएशन प्रधान जगजीत फौजी ने बताया की हम ये 26वां कारगिल दिवस हरियाणा शहीद स्मारक पार्क रोड कैथल में मनाने की योजना बना रहे हैं।



कार्यक्रम में आए अतिथियों को सम्मानित करते वीर बर्बरीक श्याम ट्रस्ट के पदाधिकारी।

## श्याम बाबा के भजनों से बांध दिया समां

**पूंडरी** । शीश के दानी की पावन भूमि सिसला धाम में देवशयनी एकादशी के पावन अवसर पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। दूर-दूर से आए श्याम भक्तों ने बाबा के चरणों में शीश नवाकर पूजा अर्चना की और बाबा का आशीर्वाद प्राप्त किया। पूरा वातावरण श्याम भक्ति में रंगा नजर आया। इस अवसर पर वीर बर्बरीक श्याम ट्रस्ट के प्रधान सुभाष सिसला, कोषाध्यक्ष बलवान शर्मा, डॉ. ऋषिपाल, जंगीर सिंह, आभे राम, डॉ. ओमप्रकाश, पुजारी राजीव शर्मा, पंकज मित्तल राईस ब्रोकर, सेवक अमन कुमार सहित अनेक श्रद्धालु उपस्थित रहे। श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए पुलिस कर्मचारियों ने बेहतरीन प्रबंध करते हुए व्यवस्था को संभाला और किसी प्रकार की अव्यवस्था नहीं होने दी। सभी श्रद्धालु शांतिपूर्वक दर्शन और भजन संध्या में शामिल हुए।

## हरिपुरा में निकाली जागरूकता रैली

**कैथल**। गांव हरिपुरा में रविवार को आशा वर्कर राजरानी के नेतृत्व में बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान के तहत एक जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। इस रैली का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र में बेटियों के प्रति सकारात्मक सोच को बढ़ावा देना और उन्हें शिक्षित करने के लिए लोगों को प्रेरित करना रहा। रैली के दौरान आशा वर्कर राजरानी ने गांववासियों को संबोधित करते हुए कहा कि बेटियां किसी भी क्षेत्र में पीछे नहीं हैं और उन्हें समान अवसर मिलना चाहिए। उन्होंने कहा कि समाज की सच्ची तरक्की तभी संभव है जब बेटियों को भी सम्मान और शिक्षा का हक मिले। इस मौके पर सरपंच प्रतिनिधि सोहन लाल ने भी उपस्थित ग्रामीणों को संबोधित किया।

### डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती पर पूर्व विधायक ने किया पौधरोपण

# डॉ. मुखर्जी ने राष्ट्रहित को सर्वोपरि मान जीवन को भारत माता को किया समर्पित

- /"एक पेड़ मां के नाम/" अभियान के तहत बूथ नंबर 156 पर किया पौधरोपण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता व पूर्व विधायक लीलाराम ने डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती के अवसर पर बूथ 156 मॉडल टाउन में /"एक पेड़ मां के नाम/" अभियान के तहत पौधारोपण कर एक अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत किया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य न केवल पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देना था, बल्कि मातृत्व को सम्मान देने और सामाजिक चेतना को जागृत करने का भी सशक्त प्रयास था। इस अवसर पर बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता, स्थानीय नागरिक, सामाजिक संगठन और पर्यावरण प्रेमी उपस्थित रहे। पूर्व विधायक लीलाराम ने इस विशेष अवसर पर डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी को श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए उन्हें भारतीय राजनीति का स्वर्णिम पुरुष बताया। उन्होंने कहा कि डॉ. मुखर्जी ने राष्ट्र की एकता, अखंडता और सांस्कृतिक मूल्यों के संरक्षण के लिए जो बलिदान दिया, वह आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा का स्त्रोत बना रहेगा। उन्होंने जम्मू-कश्मीर के एक विधान, एक प्रधान और एक निशान के विरोध में अपना सर्वोच्च बलिदान दिया और राष्ट्रहित को सर्वोपरि मानकर जीवन का हर क्षण भारत माता को समर्पित किया।



**कैथल** । पूर्व विधायक लीला राम पौधारोपण करते हुए फोटो : हरिभूमि

### ये रहे मौजूद

इस आयोजन में भाजपा के कई वरिष्ठ कार्यकर्ता, बूथ स्तर के पदाधिकारी, महिला मोर्चा, युवा मोर्चा और अन्य सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि भी मौजूद रहे। सभी ने पौधारोपण में भाग लिया और अपने-अपने माता के नाम से पौधे लगाकर इस अभियान को सफल बनाया। पौधारोपण के बाद एक संक्षिप्त सभा का आयोजन भी हुआ जिसमें वक्ताओं ने डॉ. मुखर्जी के जीवन दर्शन पर प्रकाश डालते हुए उनके आदर्शों को अपनाने का आह्वान किया।



**ढांड** । भाजपा के वरिष्ठ नेता अमरजीत छाबड़ा व अन्य डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर नमन करते हुए। फोटो : हरिभूमि

### डॉ. श्यामा प्रसाद को किया नमन

**ढांड** । भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं कैथल भाजपा जिला संयोजक अमरजीत छाबड़ा की अध्यक्षता में डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती पर श्री हरी एंड को-ओनर एफ.एस.डी. गोदाम फ्रांसवाला रोड पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें अमरजीत छाबड़ा, कार्यक्रम संयोजक जसबीर दूधवा सहित भाजपा पदाधिकारियों, कार्यकत्राओं ने डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित कर नमन किया और उनके दिखाए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। इसके साथ एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पर्यावरण को हरा-भरा बनाने की मुहिम को तेज गति देते हुए अमरजीत छाबड़ा, कार्यक्रम संयोजक जसबीर दूधवा व कार्यकत्राओं ने विभिन्न स्थानों पर पौधारोपण भी किया गया और अभियान के तहत 15 अगस्त तक 501 पौधे लगाए जाएंगे। जयंती कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रूप में सोनीपत भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष एवं 6 जिलों के कार्यक्रम संयोजक जसबीर दूधवा ने की। कार्यक्रम संयोजक जसबीर दूधवा ने कहा कि एक पेड़ मां के नाम पौधारोपण अभियान केवल एक पेड़ नहीं, बल्कि संवेदना, संस्कार और सेवा का प्रतीक है। । इस मौके पर मंडल अध्यक्ष गोपाल सैनी, गोपाल वर्मा, हरचरण सिंह छाबड़ा, रमेश कुमार, विकास राविश, हितेश शर्मा, सुमीत कल्याण, जितेंद्र सिंह, महाबीर सिंगला, जगदीश ग्रोवर, संजय धीमान, नरेंद्र निझावन, जोगिंद्र, अजय कुमार, सुरेंद्र सिंह काफी संख्या में कार्यकत्रा मौजूद थे।



गांव म्योली में पौधारोपण करते विधायक सतपाल जांबा व अन्य। फोटो : हरिभूमि

## अधिक से अधिक पेड़ लगाएं और उनका संरक्षण करें: जांबा

- 350 पौधे अपनी अपनी माताओं के नाम से लगाए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पूंडरी

पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक प्रेरणादायक पहल करते हुए रविवार को गांव म्योली और फतेहपुर में एक पेड़ माँ के नाम लगाओ 2.0 अभियान 2025 के तहत पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मुहिम में सैकड़ों लोगों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और सार्वजनिक स्थलों पर 250 म्योली व फतेहपुर में 100 पौधे अपनी-अपनी माताओं के नाम से लगाए। इस अभियान में हल्का विधायक सतपाल जांबा विशेष रूप से मौजूद रहे। उन्होंने कार्यकर्ताओं और ग्रामीणों के साथ मिलकर पौधे लगाए और कहा कि माँ के नाम एक पेड़ लगाकर हम न केवल अपने भावनात्मक जुड़ाव को प्रकृति से जोड़ते हैं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए भी स्वच्छ वातावरण की नींव रखते हैं। पौधारोपण एक दिन का कार्य नहीं, यह एक सतत जिम्मेदारी है। जब तक यह पौधे पूरी तरह से विकसित नहीं हो जाते, हम सबको मिलकर इनकी देखभाल करनी होगी। यही सच्चा पर्यावरण प्रेम है।अभियान के आयोजकों ने बताया कि यह पहल केवल पौधे लगाने तक सीमित नहीं रहेगी, बल्कि हर पौधे को संरक्षित करने के लिए निगरानी समितियाँ भी बनाई जाएंगी। जांबा ने कहा कि हरा-भरा और स्वच्छ भविष्य हमारी जिम्मेदारी है। अधिक से अधिक पेड़ लगाएं और उनका संरक्षण करें। माँ के नाम एक पेड़ लगाकर समाज में हरियाली और संवेदनशीलता दोनों को बढ़ावा दें। इस मौके पर ब्लॉक समिति चेयरमैन प्रतिनिधि राजेश बरसाना, नपा वाइस चेयरमैन रामप्रसाद, मंडल अध्यक्ष मनोज राणा, अमित सैनी, डॉ राकेश कुकरेजा, हर्ष सेठी, डॉ बलविन्द्र मैहला व अरुण भी मौजूद थे।

## बादली बलिदान दिवस समारोह का पूर्व विधायक को दिया न्योता

- टीम ने 2 अगस्त बादली बलिदान दिवस समारोह कौल में पहुंचने का किया आह्वान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| ढांड

गांव कौल में 2 अगस्त बादली बलिदान दिवस को लेकर तैयारियां जोरों पर हैं। इसी कड़ी में निमंत्रण देने के लिए टीम में शामिल बादली बलिदान समिति के सयोजक और सह सयोजक प्रचार टीम के सदस्य राजेश लाठर, शीशपाल लाठर, रणबीर लाठर, कृष्ण मैहला, ऋषिपाल पूर्व सरपंच, मेहर सिंह सरपंच सुभरी, बिन्नी बोदला, चौधरी रामपाल कौल, मास्टर रणबीर आर्य कौल, सुल्तान सिंह, पृथ्वी सिंह, फतेह सिंह, ईश्म सिंह सागवाल कौल, मोहन टामक, शक्ति सिंह कौल, सोमप्रकाश बोदला, प्रवीण बोदला ने आज ढांड क्षेत्र गांव पबनावा, ढांड मंडी, डडवाना में पहुंचकर लोगों को आगामी कार्यक्रम के लिए बढ़-चढक़र भाग लेने का निमंत्रण दिया। टीम के सदस्यों ने ढांड मंडी में पूर्व मुख्य संसदीय सचिव सुल्तान सिंह जडौला,चौधरी नसीब राम, सुभाष चंद, रामकुमार, बलजीत सिंह, सुरेंद्र टामक को निमंत्रण दिया।




बलिदान दिवस समरोह का पूर्व विधायक सुल्तान जडौला को निमंत्रण देते हुए टीम के सदस्य। फोटो : हरिभूमि

### कार्यक्रम को सफल बनाएं

टीम में शामिल सदस्यों ने कार्यक्रम में सभी से अनुरोध किया गया कि वे अधिक से अधिक संख्या में गांव कौल पहुंचकर कार्यक्रम को सफल बनाएं। टीम सदस्यों ने कहा कि बादली बलिदान दिवस समारोह को लेकर समाज के लोगों में भारी उत्साह है और रिकार्ड तोड़ संख्या में लोग शामिल होंगे। समूचे क्षेत्र में डोर टू डोर जाकर समाज के लोगों को बादली बलिदान दिवस समारोह में भाग लेने का निमंत्रण दिया जा रहा है।

## धर्मबीर सिंह कलायत हलका अध्यक्ष और वरिष्ठ उपाध्यक्ष रणधीर सिंह नियुक्त किए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजौंद

राजौंद नमन फिलिंग स्टेशन पर प्रदेशाध्यक्ष रामपाल माजरा एवं बीसी सेल जिला अध्यक्ष सोनू वर्मा की मौजूदगी में नई कार्यकारिणी का गठन किया गया, जिसने संगठन को नई ताकत और दिशा देने का कार्य किया। हल्का कार्यकारिणी बैकवर्ड सेल हल्का कलायत में अध्यक्ष के पद पर धर्मबीर को नियुक्त किया वरिष्ठ उपाध्यक्ष के रूप में रणधीर और उपाध्यक्ष पद पर राहुल, योगेश, संजीव, आकाश तथा सनी को जिम्मेदारी सौंपी गई। प्रधान महासचिव की जिम्मेदारी अजीत को दी गई, महासचिव पद पर सत्यवान, इंदुसिंह, जोगेन्दर, जयभगवान और संदीप को शामिल किया गया। सचिव के रूप में जितेंद्र,रमेश, कृष्ण, रामपाल, रामकुमार, पालाराम और संदीप को नियुक्त किया गया। अनवर को कोषाध्यक्ष ईश्वर को प्रचार सचिव बनाया गया है। बलिंदर हल्का प्रवक्ता की भूमिका निभाएंगे। कार्यकारिणी सदस्य के रूप में सतनाम, पवन, राजू, बलिंदर, विनोद, रामफल और करण सिंह को शामिल किया गया। इस दौरान सभी पदाधिकारियों ने आश्वासन दिया कि वह तन,मन और धन से पार्टी को आगे बढ़ाने का कार्य करेंगे।



**राजौंद** । नए पदाधिकारी के साथ रामपाल व सोनू वर्मा। फोटो : हरिभूमि



पंजाबी सेवा सदन परिसर में पदाधिकारी जरूरतमंद परिवारों को राशन बांटते हुए फोटो : हरिभूमि

## पंजाबी सेवा सदन ने बांटा राशन

**कैथल** । पंजाबी सेवा सदन परिसर में हर माह की तरह आज आर्थिक रूप से कमजोर जरूरतमंद परिवारों को राशन बांटा गया।इस माह की राशन सेवा संस्था के वरिष्ठ सदस्य श्री सतीश चावला द्वारा अपनी वैवाहिक वर्षगांठ के उपलक्ष में दी गई ।कार्यक्रम की अध्यक्षता पंजाबी सेवा सदन के प्रधान प्रदर्शन परुथी ने की। शुरुआत में शिव वाटिका सभा के नव निर्वाचित प्रधान श्री कृष्ण नारंग को बधाई व शुभ कामनाएं दी गई।जो लगातार चौथी बार प्रधान बने हैं। प्रधान प्रदर्शन परुथी ने जानकारी देते हुए बताया कि हर माह की तरह आज आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों को संस्था द्वारा राशन वितरित किया गया जो कि हर माह के पहले रविवार को दिया जाता है । परुथी ने जानकारी देते हुए बताया कि संस्था जंहा गरीबों को राशन देने का कार्य कर रही है वंही देश हित में व प्रशासन के सहयोग के लिए भी समय समय पर कार्यक्रम आयोजित करती है। इंद्रजीत सरदाना,तुलसी दास सचदेवा,कृष्ण नारंग,भारत भूषण मौजूद रहे।

# एक किरण उम्मीद फाउंडेशन ने फतेहपुर में110 पौधे वितरित किए

- पेड़ों की अंधाधुंध कटाई के चलते मानव स्वास्थ्य पर नकारात्मक प्रभाव पड़ रहा है : निधि मोहन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पूंडरी

एक किरण उम्मीद फाउंडेशन द्वारा फतेहपुर के देवी मंदिर के बाहर पौध वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अभियान के तहत कुल 110 पौधे वितरित किए गए, जिनमें जामुन, अमरूद, आंवला, बेलपत्र और तुलसी जैसे मिक्स फ्रूट व औषधीय पौधे शामिल थे।

इस कार्यक्रम में विशेष रूप से महिला शक्ति ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। फाउंडेशन की अध्यक्ष निधि मोहन ने बताया कि इस अभियान का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण के प्रति लोगों को जागरूक करना है। उन्होंने कहा कि पेड़ों की अंधाधुंध कटाई के चलते मानव स्वास्थ्य पर नकारात्मक प्रभाव पड़ रहा है, जलवायु असंतुलन बढ़ रहा है। ऐसे में अधिक से अधिक वृक्ष लगाना हमारी जिम्मेदारी बनती है।एक किरण उम्मीद फाउंडेशन महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने, समाज में फैली बुराइयों को मिटाने तथा बच्चों में जागरूकता लाने जैसे कार्यों में भी सक्रिय भूमिका निभा रहा है। संस्था द्वारा गुड टच-बैड टच जागरूकता, डेंटल और एनीमिया जांच शिविर, नशा मुक्ति अभियान जैसे कार्यक्रम भी आयोजित किए जाते हैं।




**पूंडरी** । फतेहपुर में पौधे वितरित करते हुए फाउंडेशन सदस्य। फोटो : हरिभूमि



छात्रा सरोज को सम्मानित करते पदाधिकारी फोटो : हरिभूमि

## सरोज ने नच ले हरियाणा नृत्य प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान पाया

**कैथल** । श्री नर नारायण सेवा समिति द्वारा संचालित शिक्षा केंद्रों के बच्चों ने, जो झुग्गी-झोपड़ियों से आते हैं, हाल ही में 'नच ले हरियाणा' नृत्य प्रतियोगिता में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। इसमें बिटिया सरोज ने द्वितीय स्थान प्राप्त कर समिति और अपने क्षेत्र का नाम रोशन किया। हाल ही में लव शर्मा, डॉक्टर विनय गुप्ता और आरती ने केशव शिक्षा केंद्र का दौरा कर सरोज को व्यक्तिगत रूप से शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर राजेश गर्ग, रवींद्र गर्ग और अमित मित्तल की गरिमामयी उपस्थिति ने बच्चों का उत्साह बढ़ाया। समिति का मानना है कि ऐसे मंच इन बच्चों में आत्मविश्वास भरते हैं और उन्हें समाज की मुख्यधारा से जोड़ते हैं। यह उपलब्धि दर्शाती है कि सही अवसर और मार्गदर्शन मिलने पर कोई भी बच्चा अपनी परिस्थितियों से ऊपर उठकर चमक सकता है।

### सीएम की विकास नीति के आधार पर ही वर्षो से आबाद कालोनी को कंकरीट ब्लाक्स की गलियों की सौगात मिली

# कलायत की फकीर पीर कॉलोनी में मजबूती से निर्माण को लेकर पालिका अभियंता राजेश प्रजापति की निगरानी में तकनीकी टीम रहेगी गतिशील

- वार्ड एक पार्षद कुमारी रेणू धानियां ने प्रभावी ढंग से उठाया था निर्माण में बेहतर सामग्री के इस्तेमाल का मुद्दा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कलायत

कलायत के वार्ड एक स्थित फकीर पीर कालोनी में गलियों का निर्माण मजबूती से पूरा करने के लिए नगर पालिका प्रशासन ने ठोस योजना तय की है। इसके तहत खुद पालिका अभियंता राजेश प्रजापति निर्माण से जुड़े हर पहलु पर नजर रखेंगे। निर्माण की गुणवत्ता को कायम रखने के लिए कनिष्ठ अभियंता संजीव धीमान, वर्क सुपरवाइजर अमित राणा व दूसरे कर्मी गतिशील रहेंगे। पार्षद कुमारी रेणू धानियां द्वारा गलियों के निर्माण में प्रयुक्त सामग्री को गुणवत्ता की कसौटी पर खरा न पाने पर अधिकारियों को स्थिति से अवगत करवाया था। पार्षद ने निर्माण में गुणवत्ता आधारित सामग्री के इस्तेमाल पर बल दिया था। उनका कहना था प्रदेश मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की विकास नीति के आधार पर ही वर्षो से आबाद फकीर पीर कालोनी को कंकरीट ब्लाक्स की गलियों की सौगात मिली है। विकास के द्वार खोलने के लिए ही सरकार ने पहले कालोनी को वैध घोषित किया गया वहीं पूर्व राज्य मंत्री कमलेश ढांडा के आग्रह पर करोड़ों की सौगात वार्ड को मिली। रेणू ने कहा कि उनका प्रयास संपूर्ण वार्ड का समग्र विकास करवाना है। ताकि इसी तरह सभी वार्डों से विकास को गति देते हुए शहर को उन्नति की राहें मिलें। कालोनी के लोगों को लंबे समय से पक्की गलियों की मांग रही है। कालोनी वासियों ने बताया कि बरसात के मौसम में गलियों में पानी भरता रहा है। जल भराव के कारण आवासीय क्षेत्र एक तरह से तालाब में तबदील रहता। प्रभावित क्षेत्र के लोगों को घर पर आने व बाहर जाने को पानी के दरिया को पार करना पड़ता रहा। कई बार तो अधिक जल भराव के कारण घरों से पलायन करने की विवशता पैदा हुई। बच्चे स्कूल नहीं जा पाते थे और बुजुर्ग भी घर में कैद होकर रहते। ब्लॉक्स गलियों के निर्माण से अब लोगों को बड़ी राहत मिलने की उम्मीद है।पालिका अभियंता राजेश प्रजापति ने बताया कि वार्ड एक पार्षद रेणू धानियां के माध्यम से गलियों के निर्माण निम्न दर्जे की शिकायत मिली थी। इस पर त्वरित तौर से संज्ञान लिया गया। टीम ने कालोनी का दौरा किया। निर्माण एजेंसी को तुरंत प्रभाव से अनियमितताएं दूर करने के निर्देश दिए गए। कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं होगा।



कलायत वार्ड एक की फकीर पीर कालोनी में पहुंची निर्माण सामग्री फोटो : हरिभूमि

### विकास को लेकर सरकार गंभीर: ढांडा

पूर्व राज्य मंत्री कमलेश ढांडा ने कहा कि शहरी एवं ग्रामीण अंचल के विकास को लेकर सरकार गंभीर है। इसके तहत कलायत के वार्ड एक की फकीर पीर कालोनी को सरकार ने वैध घोषित किया। उपरांत कालोनी में व्यापक स्तर पर गलियों का निर्माण शुरू किया गया है। पार्षद कुमारी रेणू धानियां ने संपूर्ण वार्ड के विकास का प्रारूप उनके समक्ष रखा है। इससे यह वार्ड एक माडल के तौर पर विकसित होगा। इसी तरह अन्य वार्डों में विकास को गति देने का क्रम चलेगा।

## खबर संक्षेप



### गोशाला के पास टूटी पुलिया से परेशानी

**उचाना।** उचाना कलां में गोशाला के सामने टूटी पूली राहगीरों के साथ-साथ वाहन चालकों के लिए परेशानी का सबब बन रही है। पूली निर्माण को लेकर कई बार मांग कर चुके है लेकिल पूली निर्माण नहीं हो रहा है। यहां पर दो पहिया वाहन चालकों के साथ.साथ राहगीरों के चोटिले होने का डर बना हुआ है। रात के अंधेरे में सबसे अधिक खतरा चोट लगने का रहता है। जल्द से जल्द पूली निर्माण की मांग वार्ड के लोगों ने नपा प्रशासन से की है। राजेंद्र, सुनील, बलवान ने कहा कि गौशाला के पास जो पूली है वो कई दिनों से टूटी है।

### मोदी ने विश्व में देश की बनाई मजबूत पहचान

**ढांड।** भाजपा कैथल जिला उपाध्यक्ष एवं ढांड मार्कीट कमेटी के पूर्व चेयरमैन ईशम सिंह साकरा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में विश्व में नए और मजबूत भारत की पहचान बनी है। सबका साथ, सबका विकास, सबका प्रयास मंत्र के तहत डबल इंजन की सरकार बिना भेदभाव के हर क्षेत्र में विकास कर रही है, इसलिए हर एक कार्यकर्ता जनता के बीच जाकर सरकार की नीतियों को लोगों तक पहुंचाएं। उन्होंने कहा कि हरियाणा की नायब सरकार हर वर्ग के उत्थान के लिए योजनाएं बना रही है ।जिसे हमारे कार्यकर्ता धरातल पर उतार रहे हैं। सरकार के हर लक्ष्य को मजबूती के साथ पूरा करने में जुटे हैं।



कस्बे में पत्रकारों से बातचीत

### वाइस चेयरमैन ने किया केंद्रों का औचक निरीक्षण

**जींद।** शिक्षा बोर्ड भिवानी द्वारा आयोजित करवाई जा रही 10 वीं व 12वीं बोर्ड की परीक्षाओं का निरीक्षण करने के लिए बोर्ड के वाइस चेयरमैन सतीश शाहपुर ने जिला के विभिन्न केंद्रों का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने जींद के राकवमावि, रावमावि बाल आश्रम तथा जाट स्कूल का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। अधिकारियों से कहा कि राज्य सरकार व शिक्षा बोर्ड द्वारा नकल रोकने के लिए कड़े कदम उठाए जा रहे हैं।

### पद्म पुरुस्कारों के लिए 31 जुलाई तक करें आवेदन

**कैथल ।** उपायुक्त प्रीति ने बताया कि गणतंत्र दिवस 2026 के अवसर पर घोषित किए जाने वाले पद्म पुरुस्कारों के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। पात्र व्यक्ति 31 जुलाई तक नामांकन भर सकते हैं। इन पुरस्कारों में पद्म विभूषण, पद्म भूषण व पद्मश्री पुरस्कार शामिल हैं। राष्ट्रीय पुरस्कारों के लिए नामांकन केवल पुरस्कार पोर्टल अवार्ड.जीओवी.इन पर ऑनलाइन ही स्वीकार किए जाएंगे। नामांकन में अधिकतम 800 शब्द का व्याख्यात्मक प्रशस्ति पत्र अनुशंसित भी देना होगा।

## शहरों की तर्ज पर किया जा रहा गांवों में विकास: कृष्ण कुमार बेदी

# जनहितैषी और अंत्योदय की भावना से काम कर जनता का ऋण उतार रही प्रदेश सरकार

### मंत्री ने गांव कर्मगढ़ के राजकीय सीनियर सेकेंडरी स्कूल में धन्यवादी दौरे में ग्रामीणों को किया संबोधित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नरवाना

सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री कृष्ण कुमार बेदी ने कहा कि राज्य सरकार सच्चे अर्थों में जनहितैषी सरकार हैए अंत्योदय की भावना से प्रत्येक वर्ग का कल्याण करना उनकी प्राथमिकताओं में शुमार है। ग्रामीणों द्वारा उनकों जो भरपूर सहयोग मिला है अब उनका ऋण उतारने की बारी उनकी है। ग्रामीण इलाकों में विकास कार्य करने में कोई कोर कसर बाकी नहीं रखी जाएगी। किसी भी सूरत में क्षेत्रवासियों का विश्वास नहीं टूटने दिया जाएगा। शहरों की तर्ज पर ग्रामीण इलाकों का चहुमुखी विकास करवाया जाएगा। कैबिनेट मंत्री कृष्ण कुमार बेदी शनिवार देर सांय कर्मगढ़ के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में आयोजित धन्यवादी दौरे के दौरान बतौर मुख्य अतिथि ग्रामीणों को सम्बोन्धित कर रहे थे। इस दौरान कैबिनेट मंत्री ने तीन परियोजनाओं का शिलान्यास एवं उद्घाटन किया। जिसमें एक करोड़ 43 लाख रूपये की लागत से बनी गांव की फिरनी का उद्घाटन किया और 25 लाख रूपये की लागत से बनने वाली वाल्मीकि चौपालए 13 लाख रूपये से बनने वाली मुस्लिम चौपाल का शिलान्यास किया। कैबिनेट मंत्री के सम्मुख ग्राम पंचायत द्वारा कर्मगढ़ से लोन तक की सड़क बनानेए गन्दे पानी की निकासी करवानेए स्वच्छ पेयजल उपलब्ध करवानेए जलघर का जीर्णोद्वार करनेए गलियों का निर्माण करनेए जिम का सामान उपलब्ध करवानेए पार्क बनवानेए स्ट्रीट लाईटे लगवानेए बस सेवा शुरू करवाने समेत अन्य मांगे रखी। उन्होंने बताया कि कर्मगढ़ गांव के विकास को अमलीजामा पहनाने के लिए लगभग 6 करोड़ रूपये की राशि खर्च की जाएगी।




**नरवाना।** परियोजना का उद्घाटन करते हुए मंत्री बेदी। फोटो : हरिभूमि

#### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर पूर्व विधायक पिरथी नम्बरदार, ओमप्रकाश शर्मा, सुशील शास्त्री, नगर परिषद चेयरपर्सन प्रतिनिधि विशाल मिर्धा, बलदेव वाल्मीकि, जगबीर नैन, मंडल अध्यक्ष दिनेश गोयल, सत्यवान शर्मा, सुरेन्द्र प्रजापति, रिछपाल शर्मा, रंगीराम धमतान, सुरेश दनौदा, अमनदीप गुप्ता, एडवोकेट राजेश शर्मा, एडवोकेट अर्जुन शर्मा, गांव की सरपंच मुकेश देवी, उमेद नैनए जितेन्द्र नैन, राजेन्द्र धमतान, सुरेश पांचालए सुरेन्द्र हथो, कृष्ण ठाकुर, सतबीर सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे। सरकारी अधिकारी नायब तहसीलदार रणबीर सिंहए एसडीओ पंचायती राज भूपेन्द्र कुमारए एसडीओ जन स्वास्थ्य विभाग कुलदीप कोहाड़ए जेई मनजीत सहित अन्य प्रशासनिक अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

#### खर्ची-पर्ची सिस्टम किया खत्म

सरकार द्वारा लगातार ऐसी योजनाएं चलाई जा रही हैं जिसका फायदा सीधा लाभार्थियों तक पहुंच रहा है। मौजूद राज्य सरकार ने प्रदेश में भाई.भतीजावादए खर्ची.पर्ची सिस्टम खत्म कर दिया हैए जिसका परिणाम यह है कि आज प्रदेश के युवा अपनी योग्यता के आधार पर नौकरियां प्राप्त कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी की करनी और कथनी में कोई अन्तर नहीं वो जो कहते है करके दिखाते भी है। इसलिए आने वाले पांच साल में प्रदेश और अधिक तेजी से विकास के रास्ते पर आगे बढ़ेगाए जिसमें समाज के प्रत्येक वर्ग का सहयोग रहेगा। कैबिनेट मंत्री कृष्ण कुमार बेदी का गांव में पहुंचने पर ग्रामीणों द्वारा फुलमालाओंए पुष्पगूच्छए पगड़ी व स्मृति चिन्ह देकर जोरदार स्वागत किया गया।



कैथल। सोहनपाल राणा को हसला प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किए जाने पर उनका स्वागत करते हुए सदस्य।

## सोहनपाल राणा बने शारीरिक प्राध्यापक संघ के प्रदेशाध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजौंद

शारीरिक शिक्षा प्राध्यापक दिनेश चौधरी की अध्यक्षता में लेक्चरर फिजिकल एजुकेशन एसोसिएशन की राज्य स्तरीय बैठक का आयोजन करनाल में किया गया।

जिसमें प्राध्यापक सोहन पाल राणा राजौंद को सर्वसम्मति से राज्य प्रधान नियुक्त किया गया। सोहन पाल राणा वर्तमान में पी.एम.श्री राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय राजौंद में कार्यरत हैं, जबकि दिनेश चौधरी एसोसिएशन के आजीवन मुख्य संरक्षक रहेंगे। सोहनपाल राणा ने प्रदेश भर से आए सभी साथियों का आभार जताते हुए कहा कि वह हसला की एक इकाई के रूप कार्य करते हुए व हसला के मार्गदर्शन में इस दायित्व का पूरी जिम्मेदारी से वहन करेंगे और शारीरिक शिक्षा विषय की व प्राध्यापक साथियों की समस्याओं का समाधान कराएंगे। उन्होंने कहा कि दिनेश चौधरी ने जो पौधा रोपा था उसको वृक्ष बनाएंगे। इस दौरान हसला के जिला प्रधान डॉ रमेश भूरा ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की और हर तरह का सहयोग देने का वादा किया। बैठक में जींद से मनोज नैन, वीरेंद्र, प्रवीन चहल, अंबाला से अमरिंदर सिंह,जगतार सिंह , कैथल से अशोक कुमार, भूपेंद्र भूरा,जसबीर, सोनीपत से हरिओम शर्मा, डॉ अश्वनी मोर,करनाल से रविन्द्र पुनिया, नरेंद्र कुमार,अक्षय ,पंकज कुमार, दिनेश शर्मा, सिरसा से डॉ गुरप्रीत सिंह, राजिंदर सिंह कुरूक्षेत्र सहित कई अन्य सदस्य मौजूद रहे।

## ऑल इंडिया किसान खेत मजदूर संगठन 9 जुलाई की ट्रेड यूनियन हड़ताल में लेगा बढ़-चढ़कर भाग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| ढांड

संयुक्त किसान मोर्चा के आह्वान पर ऑल इंडिया किसान खेत मजदूर संगठन द्वारा 9 जुलाई को होने वाली ट्रेड यूनियनों की देशव्यापी हड़ताल में बढ़-चढ़कर भाग लेने का ऐलान किया गया है। संगठन की ओर से ढांड कार्यालय में आयोजित एक विशेष बैठक के दौरान जिलाध्यक्ष कामरेड राजकुमार सारसा व जिला सचिव कामरेड कृष्ण ने यह जानकारी दी।नेताओं ने कहा कि जिस तरह देश की मेहनतकश जनता केंद्र व राज्य सरकारों की जनविरोधी नीतियों से त्रस्त है, उसी प्रकार किसान भी कार्पोरेटपरस्त नीतियों के कारण गंभीर संकट में हैं। खेती घाटे का सौदा बन गई है, जहां लागत बढ़ती जा रही है और आमदनी लगातार घट रही है। खराब फसलों का मुआवजा नहीं मिलने से किसान कर्ज के बोझ तले दबते जा रहे हैं और आत्महत्या जैसी घटनाएं बढ़ रही हैं।कामरेड राजकुमार ने आरोप लगाया कि सरकार पूंजीपतियों को करोड़ों रुपये की टैक्स छूट व कर्ज माफी की राहत देती है, जबकि आम जनता पर महंगाई का बोझ निरंतर बढ़ रहा है। उन्होंने बताया कि सिर्फ छह महीनों में बिजली के दाम दो बार बढ़ाए जा चुके हैं और बीपीएल व अंत्योदय राशन कार्ड धारकों को मिलने वाला सरसों का तेल, जिसकी कीमत पहले ₹40 थी, अब ₹100 कर दी गई है — यानी 150 प्रतिशत की वृद्धि।उन्होंने कहा कि आज सरकार आजादी के संघर्ष के बाद हासिल किए गए अधिकारों को एक-एक कर छीन रही है। पुराने तीन कृषि कानूनों को नए ढंग से फिर से लागू करने के प्रयास किए जा रहे हैं, जो किसान विरोधी हैं




**कैथल।** नारेबाजी कर रोष जताते ऑल इंडिया किसान खेत मजदूर संगठन के सदस्य फोटो : हरिभूमि

## पर्यावरण सुरक्षा-जीवनरक्षा के लिए रोटरी क्लब मिडटाउन सदस्यों ने किया पौधरोपण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

पर्यावरण सुरक्षा-जीवनरक्षा के उद्देश्य को लेकर रोटरी क्लब मिडटाउन जींद द्वारा पौधरोपण कार्यक्रम आयोजन किया गया। इस अवसर पर बोलते हुए संस्था सचिव अशोक कुमार ने बताया कि पौधरोपण कार्यक्रम भारत में पर्यावरण संरक्षणए जलवायु संतुलन और सामाजिक भागीदारी के लिए एक महत्वपूर्ण साधन बन चुका है। इसे राष्ट्रीय और राज्य-स्तरीय योजनाओं जैसे वन महोत्सव के माध्यम से भी बढ़ावा दिया जा रहा है। पर्यावरणीय पौधे ऑक्सीजन देते हैं। वायु प्रदूषण में कमी लाते हैं। मिट्टी का क्षरण रोकते हैं और पानी का संचयन करते हैं। लोगों की सक्रिय भागीदारी से बचाव और देखभाल सुनिश्चित होती है। रोपण के साथ पानी की सुगमता व मिट्टी के संरक्षण से पौधों की रक्षा करने पर ध्यान देना ज़रूरी है। अपने घर, मोहल्ले या विद्यालय परिसर में हर साल कम से कम एक पौधा लगाने की अपील की जाती है। एक पेड़ मां के नाम जैसी भावनात्मक पहल ने पारिवारिक और जनभावनात्मक जुड़ाव मजबूत किया है। सिर्फ वृक्ष लगाना नही बल्कि जीवन, समाज और पर्यावरण का संतुलन बनाए रखने का एक संकल्प है। जबतक हम अपने आसपास की हरित जिम्मेदारी निभाएंगे, तब तक स्थायी भविष्य की आशा बनी है। इस अवसर पर संस्था प्रधान तरुण जैन, आईपीपी मायाराम देवली, मनोज शर्मा, मुकेश सिंगला, अशोक गुप्ता, वंदना गुप्ता, गीता देवली, काजल जैन इत्यादि लोग मौजूद रहे।



**जींद।** पौधरोपण करते हुए संस्था सदस्य। फोटो : हरिभूमि



कलश यात्रा निकालते हुए महिलाएं। फोटो : हरिभूमि

### अंजनी पुत्र हनुमान मंदिर में मूर्ति स्थापना के उपलक्ष्य में भक्तों ने निकाली कलश यात्रा

**कैथल।** माता गेट स्थित अंजनी पुत्र हनुमान मंदिर में मूर्ति स्थापना के उपलक्ष्य में कलश यात्रा निकाली गई। छह जुलाई से शुरू यह कार्यक्रम 10 जुलाई तक चलेगा। इस बीच 9 जुलाई को शाम 4 बजे शोभायात्रा, रात 9 बजे कीर्तन होगा। इसी प्रकार 10 जुलाई को भंडारा एवं मूर्ति स्थापना होगी। आज कलश यात्रा में 101 महिलाओं ने कलश उठाकर यात्रा शुरू की। सर्वप्रथम गणपति महाराज की पूजा अर्चना की गई। इस मौके पर माता गेट से भारी संख्या में हनुमान भक्त शामिल रहे जिसमें सरोज, रजनी, नीलम, भूमिका, सुनीता, रेनू, नीलम कंकड़वाल, रुचिका, गीतिका, सोनिका, मनीषा, विनीत गुप्ता, शीला, ममता, अंजलि, उज्जवल, दीपिका, रेखा वर्मा आदि महिलाओं ने बढ़ चढकर भाग लिया। इस मौके पर ट्रस्ट की तरफ से सुनील, डिंपल, छज्जू, विशाल, पवन, आशु, दीपू, राकेश, विक्की, बिल्ला भगत, सोनू जिंदल, सैंटी मिश्रा, संजय जिंदल आदि उपस्थित थे। कार्यक्रम में काशी के शिक्षक और पिहोवा से विशेष पंडित जी आए हुए हैं जो मूर्ति स्थापना में सहयोग कर रहे हैं।

## भाजपा जिलाध्यक्ष ने कार्यकर्ताओं की ली बैठक, रैली पर की चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जुलाना

अग्रवाल धर्मशाला में भाजपा जिलाध्यक्ष तेजेंद्र ढुल ने 19 जुलाई को होने वाली रैली को लेकर रविवार को भाजपा कार्यकर्ताओं की बैठक ली। जिसमे भाजपा परिवार के साथ राष्ट्रीय एकता व अखंडता के पर्याय, महान शिक्षाविद्, प्रखर राष्ट्रवादी विचारक और भारतीय जनसंघ के संस्थापक डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के 125वें बलिदान दिवस पर भावभीनी श्रद्धांजलि एवं श्रद्धासुमन अर्पित कर उनके राष्ट्र निर्माण में दिए गए अमूल्य योगदान को स्मरण किया।

श्यामा प्रसाद मुखर्जी मां भारती के वो सपूत थे, जिन्होंने राष्ट्र की एकता को अपने जीवन का ध्येय बनाया और उसी उद्देश्य की पूर्ति के लिए अपने प्राण न्यौछावर कर दिए। उनके बलिदान को संकल्प बनाकर मोदी सरकार ने अनुच्छेद 370 को हटा कर जम्मू-कश्मीर को भारत का पूर्ण और अभिन्न अंग बनाया और एक राष्ट्र, एक विधान, एक निशान का सपना साकार किया। 19 जुलाई को सीएम नायब सिंह सैनी व दिल्ली सीएम रेखा गुप्ता और प्रदेशाध्यक्ष मोहन लाल बडोली रैली के लिए सभी कार्यकर्ता को ज्यादा से ज्यादा संख्या में नंदगढ़ गांव में पहुंचे और गांवों से कार्यकर्ता ग्रामीणों को रैली में लेकर आएं ताकि जनकल्याणकारी नीतियों के बारे में पता चल सके। बैठक में जिला प्रभारी मदनलाल गोयल, नपा चेयरमैन डा. संजय जांगड़ा, भाजपा प्रत्याशी कैप्टेन योगेश बैरागी, भाजपा नेत्री एडवोकेट डा. पुष्पा तायल, सत्यवान खटकड़ आदि मौजूद रहे।



जींद। बैठक में कार्यकताओं को संबोधित करते भाजपा जिलाध्यक्ष तेजेंद्र ढुल।

## बदमाशों ने की अंधाधुंध फायरिंग एक युवक की मौत दूसरा गंभीर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

■ बाइक सवार बदमाशों ने पोली के पास दिया वारदात को अंजाम

गांव पोली के निकट जींद रोहतक नेशनल हाईवे पर रविवार दे रात को बाइक सवार बदमाशों ने दो युवकों पर अंधाधुंध फायरिंग कर दी। जिसमें एक युवक की पीजीआई रोहतक में मौत हो गई। जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। मृतक युवक पर लगभग एक दर्जन आपराधिक मामले दर्ज हैं। जुलाना पुलिस मामले की जांच कर रही है।

गांव राजपुरा भैंण निवासी ऋषि 28 साल गांव का ही मनीष 21 साल रविवार देर रात को दोनों गांव पोली के निकट जींद रोहतक नेशनल हाईवे पर नहर के निकट किसी जानकारी के खेत में बने कमरे में जा रहे थे। इस दौरान दो बाइकों पर सवार होकर आए बदमाशों ने दोनों पर अंधाधुंध फायरिंग कर दी। जिसमें ऋषि को कई गोलियां लगी और खून से लथापथ होकर हाईवे पर गिर गया। जबकि मनीष को भी गोली लगी', लेकिन वह भाग निकलने में कामयाब हो गया। जिसकी सूचना उसने अपने साथियों को दी। राहगीरों के सहयोग से दोनों को पीजीआई रोहतक ले जाया गया जहां पर चिकित्सकों ने ऋषि को मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना पाकर जुलाना थाना पुलिस मौके पर पहुंच गई और हालातो का जायजा लिया। मृतक ऋषि पर दर्जन भर अपराधिक मामले दर्ज थे। फिलहाल यह खुलासा नहीं हो पाया है कि हत्यारे कौन थे। जुलाना थाना पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## विधायक देवेन्द्र अत्री का गांव किठाना में पहुंचने पर किया भव्य अभिनंदन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजौंद

भगवान परशुराम सेवा समिति किठाना व ब्रह्माण समाज किठाना ने उचाना के लोकप्रिय विधायक देवेन्द्र अत्री का रविवार को ब्राह्मण चौपाल में जोरदार स्वागत किया। इस दौरान विधायक ने सर्वप्रथम नव निर्माण भगवान परशुराम जी के मन्दिर में ज्योति प्रज्वलित की व पूष्प अर्पित किए। इस समिति के प्रधान कृष्ण कौशिक ने बताया कि समाज द्वारा गर्म जोशी के साथ स्वागत किया गया। इस स्वागत से गदगद होकर उन्होंने गांव किठाना में हर वर्ष आने का व दुख तकलीफ में साथ खड़े रहने का आश्वासन दिया। इस दौरान का संचालन कृष्ण कौशिक पूर्व सरपंच किठाना व श्रवण कुमार पूर्व सरपंच माण्डी ने किया। इस दौरान सोमदत्त शर्मा थुआ व सतपाल,अनिल चहल सरपंच किठाना, पूर्व सरपंच कृष्ण पंवार, सत्यनारायण शर्मा,राजपाल, सुरेश, अशोक शर्मा, सुभाष, राजकुमार आदि अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। माननीय विधायक का गांव में कइ जगह चायपान का कार्यक्रम आयोजित किया गया।



**कैथल।** किठाना में उचाना के विधायक देवेंद्र का स्वागत करते हुए ग्रामीण।

### खाली सीटों पर नौ जुलाई से फिजिकल काउंसिलिंग से होगा दाखिला

# यूजी सेकेंड मेरिट लिस्ट में शामिल विद्यार्थियों के लिए फीस जमा करवाने का अंतिम दिन आज

■ कॉलेजों में 25 प्रतिशत से ज्यादा सीट अभी भी रिक्त।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

महाविद्यालयों में यूजी कोर्स में द्वितीय मैरिट लिस्ञ के तहत दाखिला प्रक्रिया जारी है। द्वितीय मैरिट लिस्ट में नाम आने वाले छात्रों के पास अपनी फीस जमा करवाने का सोमवार को अंतिम दिन है। फीस जमा नहीं करवाने वाले विद्यार्थियों की सीट को रिक्त माना जाएगा। यूजी कोर्स में दाखिले के लिए अभी तक सभी कॉलेजों में दो मेरिट लिस्ट जारी हुई हैं। इनके आधार पर बहुत ही कम विद्यार्थियों ने दाखिला लिया। इसके कारण सभी कॉलजों में ज्यादा संख्या में सीट रिक्त बची हुई हैं। अब इन रिक्त सीटों को भरने के लिए नौ जुलाई से फिजिकल काउंसिलिंग के तहत दाखिला प्रक्रिया शुरू की जाएगी ताकि जो विद्यार्थी किन्हीं कारणों से मेरिट लिस्ट में नाम आने के बाद दाखिला नहीं ले पाए या जिन विद्यार्थियों का मेरिट लिस्ट में नाम नहीं आया वह फिजिकल काउंसिलिंग के तहत दाखिला ले सकेंगे। इसके बाद 10 जुलाई को दोबारा से पोर्टल खोला जाएगा। इसमें विद्यार्थियों को विषय में बदलाव करने का अवसर दिया जाएगा। 11 जुलाई से लेकर 17 जुलाई तक 100 रुपये लेट फीस के साथ विद्यार्थी दाखिला ले सकते हैं। फि र 18 जुलाई से लेकर 24 जुलाई तक पहले वाले 100 रुपये लेट फीस और 100 रुपये हर रोज लेट फीस भरकर विद्यार्थी दाखिला ले सकेंगे।

राजकीय महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. सत्यवान मलिक ने बताया कि जिन विद्यार्थियों का दूसरी मेरिट लिस्ट में नाम आया था वो सोमवार तक हर हाल में अपनी दाखिला फीस जमा करवा दें। दाखिला फीस जमा होने पर ही एडमिशन माना जाएगा। इसके बाद फिजिकल काउंसिलिंग के तहत दाखिला प्रक्रिया शुरू होगी।



**जींद।** महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो . सत्यवान मलिक।

#### 700 सीटों की फीस जमा, 440 खाली

महाविद्यालयों में इस बार 25 प्रतिशत के लगभग सीट खाली हैं। इसके कारण विद्यार्थियों को दाखिले के लिए मारामारी नहीं करनी पड़ रही। हालांकि शहर के राजकीय पीजी कॉलेज व महिला कॉलेज में दाखिले के लिए सबसे ज्यादा होड़ रहती थी। इस बार राजकीय पीजी कॉलेज में भी अब तक 1630 सीटों में से 700 के लगभग सीटों पर विद्यार्थियों ने फीस जमा करवाई है। इसके अलावा 440 के लगभग सीट खाली हैं।